**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–08.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति में देरी पर जतायी नाराजगी, विपक्ष को दो हफ्ते में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने का निर्देश।**
2. **झारखंड में डीजीपी की नियुक्ति अब राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की सिफारिश पर होगी, यूपीएससी को नहीं भेजा जायेगा पैनल, मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।**
3. **मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की, बाधाओं को जिला स्तर पर दूर करने का दिया निर्देश।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्य में अगले दो दिन पड़ेगी कड़ाके की ठंड, कई जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट, रेल और हवाई सेवाएं प्रभावित।**
5. **राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेली जा रही हॉकी इंडिया लीग में वेदांता कलिंगा लांसर्स ने बंगाल टाइगर्स को एकतरफा मुकाबले में हराकर दर्ज की पहली जीत।**

******************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जतायी है। इस सिलसिले में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों के बाद भी सूचना आयुक्तों की नियुक्ति सिर्फ इस आधार पर नहीं की गयी कि विधानसभा में विपक्ष के नेता नहीं हैं, जो गंभीर है। शीर्ष अदालत ने विधानसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल को दो हफ्ते में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति करने का निर्देश दिया।

******************

राज्य मंत्रिपरिषद ने पुलिस महानिदेशक के चयन के लिए नियुक्ति नियमावली के गठन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि अब डीजीपी के चयन के लिए यूपीएससी को अनुशंसा या पैनल नहीं भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की अनुशंसा पर ही अब डीजीपी का चयन किया जायेगा।

मंत्रिपरिषद ने झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत करने का भी फैसला किया है। इस दौरान सरकार की ओर से बजट पेश किया जायेगा। राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जनता के सरोकार को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया जा रहा है।

कैबिनेट बैठक के बाद शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूलों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भरने से बहुत हद तक समस्या का समाधान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि 26 हजार शिक्षकों की बहाली का मामला

सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो जायेगा।

******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों को इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यो को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही बाधाओं को जिला स्तर पर ही दूर करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने पिछले दिनों राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सड़क परियोजनाओं के विकास में आ रही अड़चनों को तत्काल दूर करने का आग्रह किया था।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कला के माध्यम से छात्रों को परीक्षा के तनाव से उबरने में मदद करने के लिए एग्जाम वॉरियर्स आर्ट फेस्टिवल की प्रशंसा की है। चार जनवरी को नई दिल्ली में इस फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में कक्षा नौ से 12वीं तक के 30 स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

******************

कुंभ मेले को लेकर जमशेदपुर से चलने वाली रेलगाड़ियों में काफी भीड़ देखी जा रही है। यात्रियों को आरक्षित सीटें नहीं मिल पा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले दो दिन फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग ने घने कोहरे का भी येलो अलर्ट जारी किया है। कोहरा के कारण राज्य में रेल और हवाई सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि 11 जनवरी से फिर आसमान में बादल छा सकते हैं, जिससे ठंड में कमी आएगी।

******************

हॉकी में वेदांता कलिंगा लांसर्स ने हॉकी इंडिया लीग में अपनी पहली जीत हासिल की। राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में कल रात उसने एसआर बंगाल टाइगर्स को 6–0 से हरा दिया।

******************

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल अंतर्गत अंडर–19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीसरे दिन 26 स्पर्द्धाएं हुईं। इसमें विभिन्न राज्यों से आये खिलाड़ियों ने मेडल के लिए जोर लगाया। झारखंड की शिवानी कुमारी ने बालिका वर्ग के 400 मीटर हर्डल रेस में राज्य को रजत पदक दिलाया।

******************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी अब डीजीपी का चयन।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– डीजीपी के लिए अब यूपीएससी को नहीं भेजा जायेगा पैनल, समिति करेगी चयन।

**दैनिक जागरण** लिखता है– उत्तर प्रदेश की तर्ज पर होगी डीजीपी की नियुक्ति।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– देश में एचएमपीवी की दस्तक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने जारी की एडवाइजरी, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन पर स्क्रीनिंग के निर्देश।

*******समाप्त***********